दिन– मंगलवार | दिनांक– 17 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

राज्यसभा में भारतीय संविधान की पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा आज भी जारी है। सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारतीय लोकाचार के अनुसार, लोकतंत्र में स्वतंत्रता, समानता और समावेशिता समाहित हैं, जो देश के नागरिकों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार देते हैं। चर्चा में जेडीएस नेता एच डी देवेगौड़ा, टीएमसी की सुष्मिता देव और रामनाथ ठाकुर ने भी हिस्सा लिया। आज शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में संविधान पर जारी चर्चा का जवाब दे सकते हैं।

————————————————————

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित विधेयक लोकसभा में पेश करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज एक सौ उनतीसवां संविधान संशोधन विधेयक– दो हजार चौबीस सदन में पेश कर दिया है। इधर, कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने विधेयक पेश करने का विरोध किया और इसे संविधान के बुनियादी ढांचे पर एक प्रहार बताया। विपक्ष ने विधेयक को जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी को भेजने की मांग की है।

————————————————————

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आज बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना की। श्री दिसानायके ने पवित्र महाबोधि वृक्ष का दर्शन किया। राष्ट्रपति दिसानायके ने बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर कुछ समय प्रार्थना भी की। उन्होंने महाबोधि मंदिर परिसर स्थित मुकालिंदा सरोवर, रत्नगिरी, चंकरामण समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भी दौरा किया। इससे पूर्व बोधगया पहुंचने पर महाबोधि मंदिर के मुख्य पुजारी भिक्षु चलिंदा और बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने श्रीलंका के राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर मंदिर परिसर और आस–पास के क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तेईस दिसम्बर से राज्य के विभिन्न जिलों में प्रगति यात्रा पर जायेंगे। प्रगति यात्रा का पहला चरण तेईस दिसम्बर से अट्ठाईस दिसम्बर तक होगा। इस चरण में मुख्यमंत्री श्री कुमार पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जिलों का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। कई स्थानों पर वे लोगों से संवाद भी करेंगे।

————————————————————

विधान पार्षद शशि यादव के नेतृत्व में भाकपा माले का पांच सदस्यीय दल आज समस्तीपुर के बंगरा स्थित सरसौना पहुंचा। दल ने सरसौना सीमेंट फैक्ट्री में एक मजदूर की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज के पीड़ितों से मुलाकात की। दल के सदस्यों ने मृतक मजदूर के परिजनों से बातचीत की। माले नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ताजपुर में प्रतिरोध मार्च निकाला और इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

————————————————————

पूरबा हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जानकारी के अनुसार राज्य के दक्षिणी इलाकों में सर्द हवा का प्रभाव कम हुआ है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में अगले दो दिनों तक रात के तापमान में आंशिक वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। इसके साथ ही प्रदेश के अधिकतर भागों में सुबह और शाम के समय मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है।

————————————————————

सीवान में पासपोर्ट के लिए प्राप्त बड़ी संख्या में आवेदन को देखते हुए आज से तीन दिवसीय पासपोर्ट सेवा मोबाईल वैन कैम्प लगाया गया है। ये कैम्प सीवान शहर के श्रीनगर स्थित बीडिओ कार्यालाय में लगाया गया है।

————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में शराब, कोडिनयुक्त सिरप और मादक पदार्थ स्मैक के साथ चौदह लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।